# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 04.10.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और नगरपालिका प्राधिकरणों को आवारा कुत्तों के प्रबंधन के लिए व्यापक निर्देश जारी किए हैं।
2. शिक्षा मंत्रालय ने विद्यार्थियों से विकसित भारत बिल्डथॉन 2025 में शामिल होने की अपील की है।
3. पर्यावरण एवं वन विभाग की ओर से 71वें वन्यजीव सप्ताह के तहत सप्ताहव्यापी गतिविधियों की श्रृंखला शुरू की गई।
4. कृषि विभाग कृषि से सम्बद्ध लोगों के लिए केन्द्रशासित प्रदेश स्तरीय अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन करेगा।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने आवारा कुत्तों से संबंधित रिट याचिका के अंतर्गत सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और नगरपालिका प्राधिकरणों को आवारा कुत्तों के प्रबंधन के लिए व्यापक निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में कहा गया है कि नगरपालिका प्राधिकरण को सभी इलाकों से आवारा कुत्तों को उठाकर निर्धारित आश्रयों में स्थानांतरित करना, आवारा कुत्तों के आवास के लिए तुरंत आश्रय का प्रबंध करना, नशबंदी, टीका और भोजन की व्यवस्था करना होगा। इसके अलावा कुत्तों को गोद लेने के इच्छुक लोगों से नगरपालिका परिषद में आवेदन करने को कहा गया है। सर्वोच्च न्यायालय के संशोधित आदेश के अनुपालन में, श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने सभी 24 वार्डों में सुरक्षित और निर्दिष्ट आहार स्थलों की पहचान शुरू कर दी है। परिषद ने

इस संबंध में परिषद स्थित सम्मेलन कक्ष में छः अक्तूबर को शाम तीन बजे परामर्श बैठक का आयोजन किया है, जिसमें नागरिकों, आरडब्ल्यूए, गैर सरकारी संगठनों और पशु प्रेमियों से उपस्थित रहने की अपील की गई है। परिषद ने लोगों से आवारा कुत्तों को भोजन निर्धारित फीडर पॉइंट्स पर ही देने की अपील की है।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। पिछले महीने की 22 तारीख से लागू अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। आज हम लकड़ी के विकल्पों पर जीएसटी कटौती पर रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं।

<><><><><><>

शिक्षा मंत्रालय ने विद्यार्थियों से विकसित भारत बिल्डथॉन 2025 में शामिल होने की अपील की है।  यह आवेदन सोमवार तक जमा किए जा सकते हैं। नीति आयोग के तहत अटल नवाचार मिशन के सहयोग से यह पहल पिछले महीने की 23 तारीख को शुरू की गई थी। शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि यह कक्षा 6 से 12 तक के स्कूली छात्रों को शामिल करने वाला भारत का अब तक का सबसे बड़ा छात्र नवाचार है। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को समूह में शामिल होने, रचनात्मक रूप से सोचने और राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर वास्तविक जीवन की चुनौतियों का समाधान करने वाले विचारों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रविष्टियों का मूल्यांकन विशेषज्ञों के एक राष्ट्रीय पैनल द्वारा किया जाएगा और शीर्ष छात्र टीमों को पुरस्कार दिए जाएँगे। विजेता स्कूलों और छात्रों को अपने नवाचारों को और

मज़बूत करने के लिए कॉर्पोरेट सहयोग, मार्गदर्शन और संसाधनों के माध्यम से दीर्घकालिक समर्थन दिया जाएगा।

<><><><><><><>

पर्यावरण एवं वन विभाग की ओर से 71वें वन्यजीव सप्ताह का उद्घाटन हाल ही में हैडो स्थित नेचर पार्क एवं इंटरप्रिटेशन सेंटर में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार और प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय कुमार सिन्हा उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में सप्ताह भर चलने वाली गतिविधियों की श्रृंखला की शुरुआत हुई। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने वन विभाग के अग्रणी संरक्षण प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वन्यजीवों और जैव विविधता की रक्षा करना केवल विभाग का कार्य नहीं है, बल्कि एक सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर एक झांकी और साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह झांकी "अंडमान निकोबार द्वीप समूह के स्थानिक पक्षी" विषय पर रचनात्मक रूप से तैयार की गई थी। साइकिल रैली में स्कूल और कॉलेज विद्याथिर्या ने भाग लिया। मुख्य सचिव ने तितली संरक्षण गृह, ऑर्किडेरियम और फर्नेरियम का दौरा किया। कार्यक्रम के दौरान मशरूम संरक्षण गृह और मशरूम पालन केंद्र का उद्घाटन किया गया। विभाग ने अपनी महत्वाकांक्षी पहल "मिशन 1 लाख" के बारे में जानकारी दी, जो द्वीपों के 100 समुद्र तटों से 1,00,000 किलोग्राम समुद्री कचरा एकत्र करने का एक जन अभियान है।

<><><><><><><>

इस बीच, पर्यावरण एवं वन विभाग ने जनजातीय कल्याण विभाग के सहयोग से जारवा जनजातीय रिजर्व क्षेत्र के अंतर्गत आरक्षित वन में लुप्तप्राय और स्थानिक प्रजाति के छह अंडमानी जंगली सूअरों को छोड़ा। यह पहल इस प्रजाति को उनके

प्राकृतिक आवास में पुनः स्थापित करने के चल रहे प्रयासों का एक हिस्सा है, जिससे देशी वन्यजीवों के संरक्षण को मजबूती मिलती है। कार्यक्रम में प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय कुमार सिन्हा, मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक एम. राजकुमार, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक और वन एवं जनजातीय कल्याण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

कृषि विभाग, सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार के सहयोग से, उर्वरक, कीटनाशक एवं बीज विक्रेताओं, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों और सभी इच्छुक लोगों के लिए केन्द्रशासित प्रदेश स्तरीय अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम 6 अक्टूबर को दक्षिण अंडमान के कृषि सहायक निदेशक और मध्योत्तर अंडमान जिले के मायाबंदर स्थित कृषि सहायक निदेशक के सम्मेलन कक्ष में एक साथ ऑफ़लाइन और ऑनलाइन मोड पर आयोजित होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उर्वरक नियंत्रण आदेश, बीज अधिनियम, कीटनाशक अधिनियम और नए शुरू किए गए पीएम किसान समृद्धि केंद्रों के बारे में जानकारी देना है।

<><><><><><><>

स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन समारोह के अवसर पर ग्राम पंचायत सिप्पीघाट स्थित बिम्बलीटन को राष्ट्रीय राजमार्ग–4 से जोड़ने वाली सड़क पर एक सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में ग्रामीण विकास निदेशक डॉ. अपूर्व शर्मा, प्रातरापुर खंड विकास अधिकारी गुरजीत कौर, प्रधान ज्योति, कर्मियों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। निदेशक ने बिम्बलीटन में स्थापित गौशाला का दौरा किया। उन्होंने इस सुविधा के निर्माण में ग्राम पंचायत के प्रयासों की सराहना करते हुए आवारा पशुओं के प्रभावी प्रबंधन में ऐसी पहलों के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

राजभाषा विभाग की ओर से आयोजित हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में छः अक्तूबर को टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में दिन में 11 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

<><><><><><><>

एम वी स्वराज द्वीप पांच अक्टूबर को श्री विजयपुरम से विशाखापट्टनम की यात्रा पर जाएगा। अतिरिक्त सामानों को जहाज़ पर चढ़ाने का कार्य आज दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक किया जाएगा। जहाज़ सुबह दस बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>